DEVELOPMENTAL DISABILITIES ADMINISTRATION (DDA)

बीस (20) वर्ष की आयु पर पात्रता समीक्षा की अधिसूचना

Notification of Age Twenty (20) Eligibility Review

क्लायंट का नाम और पता

क्लायंट का नाम और पता

सं: **बीस (20 वर्ष की आयु पर पात्रता समीक्षा की अधिसूचना**

आप इस समय विकास संबंधी अक्षमताएं प्रशासन (डेवेलपमेन्टल डिसेबिलिटीज़ एडमिनिस्ट्रेशन DDA) के लिए पात्र हैं। DDA के साथ आपकी पात्रता की आपके बीसवें (20वें) जन्मदिन से पहले समीक्षा की जाना आवश्यक है। हो सकता है कि हमारे पास हो वह जानकारी निम्निलिखित स्थितियों में से किसी एक के तहत आपकी DDA के लिए पात्रता जारी रखने के लिए अपर्याप्त हो: बौद्धिक अक्षमता, सेरेब्रल पाल्सी, मिरगी (एपिलेप्सी), ऑटीज़म।, या बौद्धिक अक्षमता के समान अन्य न्यूरोलॉजिकल **या** अन्य स्थिति। आपको यह बताने के लिए कि कौनसी जानकारी आवश्यक है, हम ने आवश्यक दस्तावेज़ तालिका (रिक्वायर्ड डॉक्युमेन्टेशन टेबल) संलग्न की है।

आपको क्या करना है?

DDA को इस पुनर्निर्धारण के लिए आवश्यक जानकारी मँगवाकर आनंद होगा। यदि आप चाहते/ती हैं कि DDA जानकारी मँगवा ले, तो कृपया संलग्न अनुमति फॉर्म निम्नलिखित अनुसार भरें:

1. अनुमति फॉर्म में उन स्थानों, प्रदाताओं और सुविधाओं के नाम लिखें, जिनसे हम जानकारी की माँग कर सकें। अनुमति फॉर्म में जिनके नाम लिखें हों उन सभी की संपर्क जानकारी शामिल करें।
2. संलग्न अनुमति फॉर्म पर हस्ताक्षर कर के तिथि डालें, और
3. फॉर्म DDA को लौटाएं।

अगर मैं इस अनुरोध का प्रतिभाव न दूँ तो क्या होगा?

कृपया यथाशीघ्र प्रतिभाव दें, लेकिन आपके बीसवें (20वें) जन्मदिन से अधिकतम 90 दिन पहले ऐसा अवश्यक करें। यदि हमें आपका उत्तर __________ तक नहीं मिलता है, तो हम आपकी पात्रता की समीक्षा हमारे पास आपकी क्लायंट फाइल में उपलब्ध जानकारी के आधार पर करेंगे। यदि आपकी पात्रता संबंधी निर्णय लेने के लिए उसमें पर्याप्त जानकारी नहीं होगी, तो DDA के लिए आपकी पात्रता को आपके 20वें जन्मदिन पर समाप्त कर दिया जाएगा।

यदि आपको कोई प्रश्न हों तो इन से संपर्क करें:

नाम	टेलीफोन नंबर	ईमेल पता

पात्रता निर्धारण संबंधी राज्यों के नियमों (WAC 388-823) की एक प्रति अनुरोध करने पर या ऑनलाइन यहाँ पर उपलब्ध है https://www.dshs.wa.gov/dda/consumers-and-families/eligibility.

संलग्नक: आवश्यक दस्तावेज़ तालिका (रिक्वायर्ड डॉक्युमेन्टेशन टेबल)
अनुमति फॉर्म (DSHS 14-012)

प्रति भेजी: क्लायंट फाइल:

आवश्यक दस्तावेज़ तालिका (रिक्वायर्ड डॉक्यूमेन्टेशन टेबल)

अक्षमता स्थिति	निदान	निदानकार	अन्य रिकॉर्ड
बौद्धिक अक्षमता	बौद्धिक अक्षमता	कोई लाइसेंसधारी साइकोलॉजिस्ट, वॉशिंग्टन सर्टिफाइड स्कूल साइकोलॉजिस्ट या अन्य स्कूल साइकोलॉजिस्ट जो स्कूल साइकोलॉजिस्टों के राष्ट्री संघ (नेशनल असोसिएशन ऑफ स्कूल साइकोलॉजिस्ट्स) द्वारा प्रमाणित हो	पूर्ण साइकोलॉजिकल रिपोर्ट जिसमें औसत से नीचे के दो मानक विचलनों का एक फुल स्केल आईक्यू स्कोर हो, और औसत से नीचे के दो से अधिक मानक विचलनों का एक एडाप्टिव स्किल्स टेस्ट (अनुकूलन कौशल परीक्षण) स्कोर हो
सेरेब्रल पाल्सी	सेरेब्रल पाल्सी क्वाड्रीप्लेजिया (चतुरांगघात) हेमिप्लेजिया (अर्धांगवात) डाइप्लेजिया (द्वीआँगवात)	लाइसेंसधारी फिज़िशियन	3 वर्ष की आयु से पूर्व शुरूआत और दो या अधिक क्षेत्रों (शौच, स्नान, भोजन, तैयार होना, गतिविधि या संचा) में रोजाना सीधी शारीरिक सहायता की आवश्यकता की पुष्टि करने वाली जानकारी।
एपिलेप्सी (मिरगी)	एपिलेप्सी (मिरगी) या दौरे पड़ने का रोग	बोर्ड द्वारा प्रमाणित न्यूरोलॉजिस्ट	चिकित्सा इतिहास और न्यूरोलॉजिकल परीक्षण पर आधारित निदान, फिज़िशियन या न्यूरोलॉजिस्ट से अनियंत्रित एवं जारी या पुनरावर्ती दौरों की पुष्टि, और अनुकूलन कौशल परीक्षण जिन में अनुकूलनकारी कार्यक्षमता में काफी सीमितता हो जो कि औसत से नीचे के दो से अधिक मानक विचलन हों।
ऑटिज़्म (DSM-IV के अनुसार)	ऑटिज़्म या ऑटिस्टिक रोग DSM-IV-TR में 299.00 के अनुसार	कोई लाइसेंसधारी साइकोलॉजिस्ट, ऑटिज़्म या विकास संबंधी केन्द्र से संबंधित कोई एडवान्स्ड रजिस्टर्ज नर्स प्रैक्टिशनर (ARNP) या बोर्ड प्रमाणित: न्यूरोलॉजिस्ट, साइकियाट्रिस्ट या डेवेलपमेन्टल एंड बिहेवियरल पीडियाट्रिशियन	DSM-IV के सभी नैदानिक मानदंडों को पूरा करने वाला पूर्ण मूल्यांकन, सामाजिक, भाषा संबंधी, संचार कौशलों या प्रतीकात्मक या कल्पनाशील खेल में 3 वर्ष की आयु से पूर्व देरी या असामान्य कार्यनिष्पादन का साक्ष्य, और अनुकूलन कौशल परीक्षण जिन में अनुकूलनकारी कार्यक्षमता में काफी सीमितता हो जो कि औसत से नीचे के दो से अधिक मानक विचलन हों।
ऑटिज़्म स्पेक्ट्रम रोग (DSM-V के अनुसार)	ऑटिज़्म स्पेक्ट्रम रोग 299.00 DSM-5 के अनुसार जिसमें दोनों कॉलमों में तीव्रता स्तर 2 या 3 हो	कोई लाइसेंसधारी साइकोलॉजिस्ट, ऑटिज़्म या विकास संबंधी केन्द्र से संबंधित कोई एडवान्स्ड रजिस्टर्ज नर्स प्रैक्टिशनर (ARNP) या बोर्ड प्रमाणित: न्यूरोलॉजिस्ट, साइकियाट्रिस्ट या डेवेलपमेन्टल एंड बिहेवियरल पीडियाट्रिशियन	DSM-V के सभी नैदानिक मानदंडों को पूरा करने वाला पूर्ण मूल्यांकन, सामाजिक, भाषा संबंधी, संचार कौशलों या प्रतीकात्मक या कल्पनाशील खेल में 3 वर्ष की आयु से पूर्व देरी या असामान्य कार्यनिष्पादन का साक्ष्य, और अनुकूलन कौशल परीक्षण जिन में अनुकूलनकारी कार्यक्षमता में काफी सीमितता हो जो कि औसत से नीचे के दो मानक विचलन हों और औसत से नीचे के एक या अधिक मानक विचलन हों ऐसा FSIQ - या - DSM-IV के अनुसार ऑटिस्टिक रोग 299.00 के सारे मानदंड पूरे करते हों।
बौद्धिक अक्षमता जैसी अन्य न्यूरोलॉजिकल या अन्य स्थिति	न्यूरोलॉजिकल या गुणसूत्र रोग जिससे बौद्धिक या अनुकलन संबंधी कौशलों में कमी होना ज्ञात है	लाइसेंसधारी फिज़िशियन	पूर्ण साइकोलॉजिकल रिपोर्ट जिसमें औसत से नीचे के 1.5 मानक विचलनों का एक फुल स्केल आईक्यू स्कोर हो, और औसत से नीचे के दो से अधिक मानक विचलनों का एक एडाप्टिव स्किल्स टेस्ट (अनुकूलन कौशल परीक्षण) स्कोर हो

नोट: यह फॉर्म केवल एक सामान्य मार्गदर्शिका है और हो सकता है कि DDA अतिरिक्त जानकारी या मूल्यांकनों की माँग करे। यह दस्तावेज़ पात्रता निर्धारण का पहला कदम है। DDA के लिए पात्रता प्रकरण 388-823 WAC के अनुसार निर्धारित की जाती है।